**Need to exclude Muzaffarnagar and Shamli from NCR-Laid**

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक **(मुजफ़्फ़रनगर) :**मुजफ्फरनगर और शामली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने के निर्णय से छोटे और मझोले व्यापारियों और किसानो समेत वहां के नागरिको पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है| मुज़फ्फरनगर शामली समेत इन हिस्सों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लाये जाने से वहाँ अनावश्यक पाबंदिया लगा दी गयी है इससे किसानो के ट्रेक्टर, छोटे वाहन चालकों और छोटे छोटे उद्योगों कल-कारखानों पर अनावश्यक NCR के प्रतिबन्ध और रुकावटें लागू हो जाती है| किसानो के ट्रैक्टर, अन्य कृषि सम्बन्धी यंत्र तथा अन्य डीजल वाहनों पर भी ऐसे प्रतिबन्ध और भारी जुर्माने से उनके रोज़ी रोजगार का नुक्सान भी हो रहा है जबकि यह क्षेत्र दिल्ली से 100 किलोमीटर से भी ज्यादा दूर है । अत: मै सरकार से यह मांग करता हूँ कि मेरे क्षेत्र के निवासियों पर लागू इन पाबंदियो से हम सभी परेशान है । अत: इन परेशानियों को ध्यान में रखते हुए कृपया मुज़फ्फरनगर और शामली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर करवाने की कृपा करें ।